<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–09.12.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड विधानसभा सत्र के पहले दिन सदन में 80 विधायकों ने ली शपथ, कई विधायकों ने ली स्थानीय भाषाओं में शपथ।
- नए विधानसभा स्पीकर का चुनाव कल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– सर्वसम्मति से होगा स्पीकर का चुनाव।
- प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं में वित्तींय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढावा देने के लिए हरियाणा में बीमा सखी योजना का किया शुभारंभ ।
- राज्यपाल संतोष गंगवार आईआईटी–आईएसएम धनबाद के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल, कहा विद्यार्थी शिक्षा का उपयोग समाज और राष्ट्र सेवा के लिए करें।
- बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ का झारखंड में असर शुरु, राज्य के कई हिस्सों में रुक–रुक कर हो रही है बारिश।

***************

छठे झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने 80 नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। श्री मरांडी ने सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को शपथ दिलायी। इसके बाद राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा सहित 80 विधायकों ने झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

हेमलाल मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा भाषा में शपथ ली। इसके अलावा चंपाई सोरेन, मथुरा महतो सहित कई विधायकों ने भी स्थानीय भाषा में शपथ ली। कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल और श्वेता सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली, वहीं, डुमरी सीट से पहली बार विधानसभा सदस्य के रूप में चुने गए जयराम महतो ने सदन में प्रवेश करने से पहले चौखठ पर माथा टेका। 81 सदस्यीय सदन में इस बार झामुमो के 34, भाजपा के 21, कांग्रेस के 16, राजद के 4 और सीपीआई एमएल के दो विधायक पहुंचे हैं। इस बार सदन में एक भी निर्दलीय विधायक नहीं है।

***************

विधानसभा सत्र के पहले दिन सत्ता पक्ष के विधायकों और मंत्रियों ने राज्य में तेजी से विकास होने की उम्मीद जताई और कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर काम करेगी। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार द्वारा राज्य की वित्त संबंधी परेशानियों को दूर किया जाएगा।

वहीं, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि झारखंड में व्यावसायिक खेती और व्यावसायिक पशुपालन को बढ़ाने पर फोकस रहेगा।

***************

विपक्ष के विधायकों ने कहा कि वे सदन में जनता की आवाज बनेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और सातवीं बार विधायक बन कर विधानसभा पहुंचे चंपाई सोरेन ने कहा कि घुसपैठ एक सामाजिक और राजनीतिक मुद्दा है और इसे सदन में ज़रूर उठाया जायेगा।

***************

शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। नए विधानसभा के स्पीकर का चुनाव कल होगा। कल हुई इंडी गठबंधन की बैठक में स्पीकर के लिए रवींद्र नाथ

महतो का नाम प्रस्तावित किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उम्मीद है कि सर्वसम्मति से स्पीकर का चुनाव होगा।

बुधवार 11 दिसंबर को राज्यपाल राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण होगा। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024–25 का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जायेगा।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं में वित्तींय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा के पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। भारतीय जीवन बीमा निगम की इस पहल से 18 से 70 वर्ष तक आयु की दसवीं पास महिलाओं को विशेषज्ञता प्रशिक्षण दिया जाएगा और पहले तीन वर्ष के लिए मासिक भत्ता दिया जाएगा। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाये हैं।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज आईआईटी–आईएसएम, धनबाद के 99वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि आज जब हमारा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है, तो आईआईटी–आईएसएम जैसे संस्थानों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

श्री गंगवार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दें।

***************

चेशायर होम रोड की जमीन की गैरकानूनी तरीके से खरीद–बिक्री के मामले में आरोपित रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। फैसला 12 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है।

***************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज स्मार्ट सिटी रांची में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास सहित पूरे आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने सभी कार्य 15 जनवरी 2025 तक पूरे करने का निर्देश दिया।

***************

धनबाद के गोविंदपुर और निरसा में सड़क जाम की समस्या के समाधान की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल की है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

संक्षिप्त खबरें

- लोहरदगा ज़िले में महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण अभियान 2.0 के तहत पोषण भी, पढ़ाई भी पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- गुमला ज़िले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज असनी गांव में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए।
- सरायकेला–खरसावां ज़िले के आदित्यपुर नगर निगम कल से दोबारा अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की जाएगी।
- साहिबगंज में नमामि गंगे योजना के तहत वूमेन गंगा रिवर राफ्टिंग एक्सपेडिशन के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

***************

बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखंड में दिखने लगा है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक राज्यभर में घना कोहरा छाने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

******समाप्त******